







नवभारत 08
सतना, मंगलवार 04 अगस्त, 2026

# सावन के प्रथम सोमवार को शिवालयों में भक्तों का सैलाब

## किला स्थित महामृत्युंजय मंदिर में लगी लम्बी कतार, देर रात तक भक्तों का तांता, भंडारे का बांटा गया प्रसाद





नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 अगस्त, पवित्र सावन माह के प्रथम सोमवार को जिले भर के शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी. तड़के पट खुलने के साथ देर रात तक भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिये तांता लगा रहा. शिवालय हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा. शहर के शिवालयों के साथ ग्रामीण क्षेत्रो के शिव मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ लगी रही. सभी जगह सुरक्षा के दृष्टि से पुलिस तैनात रही और सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की गई.**

सावन का पहला सोमवार था जहा भक्ति का जनसैलाब देखने को मिला. तेज धूप के बावजूद लोग कतार में लगे रहे. शहर के ऐतिहासिक किला स्थित विश्व प्रसिद्ध महामृत्युंजय मंदिर में सावन के पहले सोमवार पर ऐतिहासिक भीड़ देखने को मिली. श्रद्धालुओं की आस्था का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि महामृत्युंजय मंदिर में भक्तों की दर्शन के लिए लम्बी कतार मछरिया दरवाजे तक जा पहुंची. स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए इस दौरान मछरिया दरवाजे से सामान्य आवागमन को रोककर व्यवस्थित तरीके से कतारबद्ध कर भक्तों को प्रवेश दिया गया. भक्तों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कोतवाली थाना प्रभारी श्रीमती निशा मिश्रा खुद पुलिस बल के साथ मौके पर मुस्तैद रहीं और व्यवस्थाएं संभालती नजर आईं. किला स्थित महामृत्युंजय धाम के अलावा शहर और अंचल के अन्य प्रमुख शिव मंदिर में भी भोर से ही दर्शन पूजन का क्रम शुरू हो गया था. मनकामेश्वर मंदिर कोठी कम्पाउण्ड में भी भोर से ही शहर के कोने-कोने से पहुंचे भक्तों ने बेलपत्र, दूध और जल से बाबा मनकामेश्वर का जलाभिषेक किया. वहीं गुढ़ स्थित कष्टहरनाथ के प्राचीन मंदिर में भी दूरदराज से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली. देवतालाब के श्रृंगेश्वरनाथ के अलौकिक शिव मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने माथा टेका और मनोकामनाएं मांगी. मंदिरों के कपाट खुलते हुए शुरू हुए दर्शन का सिलसिला देर शाम तक निरंतर जारी रहा. प्रशासन द्वारा जगह-जगह बेरिकेटिंग और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई. शिवालयों के बाहर भंडारे का प्रसाद भी बांटा गया. प्रसाद पाने के लिये लोगो की भीड़ लगी रही.



# नशीली दवा का घूम कर बिक्री करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 अगस्त, सेमरिया पुलिस ने नशीली प्रतिबंधित कैप्सूल एवं कफ सिरप की बिक्री करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जो नशीली दवा घूम फिर कर बिक्री करते थे.**

सेमरिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कोलौरा गाँव के आगे एक काले कलर की स्कूटी क्रमांक- एमपी 17 एसए 8292 से राज सिंह निवासी दुवारी, उमेश सिंह, अंकित सिंह दोनो निवासी कुशवार, पवन रावत निवासी वार्ड क्रमांक 14 कस्बा सेमरिया के भमरा से कुशवार जाने वाले मार्ग में भठिया में एकत्रित होकर नशीली दवाई बिक्री करने के लिए अलग-अलग स्थानो में जायेगे. मुखबिर के बताये स्थान पर कार्यवाही की गई तो 04 व्यक्ति पुलिस मौजूदगी को देखकर भागने लगे. जिन्हे घेराबंदी कर पकडा गया और नाम पता पूंछा गया तो अपना नाम राज सिंह पिता रावेन्द्र सिंह उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम दुवारी थाना चोरहटा, उमेश सिंह पिता बद्री सिंह उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम कुशवार थाना सेमरिया, अंकित सिंह पिता जयराम सिंह उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम कुशवार थाना सेमरिया,पवन रावत पिता स्व.मुलईराम रावत उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 14 कस्बा सेमरिया थाना का होना बताया. जिनके पास मिले नीले रंग के झोले की तलाशी ली गई तो झोले के अंदर से अवैध नशीली टैबलेट (कैप्सूल) एवं कफ सीरफ होना पाई गई. आरोपियो के कब्जे से कुल 210 पत्ते में 1680 नग अवैध नशीली टैबलेट(कैप्सूल) जप्त की गई. जिसकी कीमत 15,588 रुपये एवं 20 शीशी अवैध नशीली कफ सीरफ कीमती 8,000 रुपये को जप्त किया गया. घटना में प्रयुक्त काले कलर की स्कूटी को भी जप्त किया गया.

# बैट्री चोरी के दो आरोपी लगे पुलिस के हाथ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 अगस्त, शहर के समान थाना क्षेत्र में बैट्री चोरी की शिकायत के बाद पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.**

पकड़े गए आरोपियों से चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है. बताया जा रहा है कि पुलिस ने प्राथमिक पूछताछ में 25 से अधिक चोरी की घटनाओं के संबंध में जानकारी एकत्रित की है. जिसमें पकड़े गए आरोपियों के साथ-साथ अब कुछ कबड़ी भी कार्यवाही के दायरे में आ चुके है. घटना के संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने बताया कि 1 अगस्त को फरियादी शिव कुमार पटेल निवासी ग्राम महाडाढी थाना गुढ हाल निवास गुलाब नगर के द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी. फरियादी के अनुसार 25 जुलाई की रात्रि रतहरा नहर के पास स्थित उसके दुकान के बाहर खडे ट्रेक्टर की बेट्री चोरी हो गई थी. सीसीटीव्ही फुटेज एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से पुलिस ने 2 संदेही जंयत चिकवा एवं सुमित चिकवा को चिन्हित किया जिनके कब्जे से चोरी गयी बैट्री बरामद किया गया है. दोनो आरोपियो से पूछताछ के दौरान 25 से अधिक विभिन्न वाहनों से बैटरी चोरी का खुलासा हुआ है. आरोपियों के पास से चोरी का सामान बरामद करने के बाद अब पुलिस आरोपियों को रिमांड लेकर अन्य घटनाओं के संबंध में जानकारी एकत्रित करने का प्रयास कर रही है. पकड़े गए आरोपी जयंत चिकवा और सुमित चिकवा निवासी चिकान टोला बताए गए हैं.

# बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 अगस्त, बिछिया थाना अन्तर्गत एक किशोरी बगैर बताए कही चली गई. परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू की.**

फरियादिया ने थाना आकर रिपोर्ट लेख करायी कि 02 अगस्त को शाम 07.00 बजे मेरी लड़की उम्र 16 वर्ष घर से बिना बताये कही चली गई है. रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति व्दारा अपहृता को बहला फुसलाकर ले जाने की आशंका पर प्रथम दृष्टया अपराध धारा 137(2) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. उप निरीक्षक थाना प्रभारी बिछिया के कुशल नेतृत्व में थाना बिछिया पुलिस टीम द्वारा अपहृत बालिका को दस्तयाब कर उसके माता-पिता को सकुशल विधिवत सुपुर्द किया गया. तब जाकर परिजनों को राहत मिली.

## संक्षिप्त

### श्रम न्यायालय रीवा में होगी तीन प्रकरणों की सुनवाई

**रीवा,** श्रम आयुक्त कार्यालय द्वारा रीवा जिले के मजदूरों से जुड़े तीन औद्योगिक विवादों से जुड़े प्रकरणों की सुनवाई के लिए प्रकरण श्रम न्यायालय रीवा को सौंपा है. इस संबंध में उप श्रमायुक्त ने बताया कि आवेदिका संध्या तिवारी द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद मनगवां तथा आवेदक सुग्रीव सिंह विरूद्ध सेवा नियोजक संस्था विजय कन्स्ट्रक्शन कंपनी एवं जेपी सीमेंट प्लांट रीवा के मध्य विवाद है. इसी तरह आवेदक नितिन कुमार शर्मा द्वारा सेवा नियोजक जनरल मैनेजर बिड़ला केबल्स लिमिटेड उद्योग विहार एवं मेसर्स इन्द्रपाल पटेल कन्स्ट्रक्शन कंपनी रीवा के बीच औद्योगिक विवाद है. औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 के अन्तर्गत दर्ज औद्योगिक विवाद से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर धारा 2 (ए) (दो) के अनुसार इन औद्योगिक विवादों के लिए राज्य शासन उपयुक्त शासन है. इसलिए इन तीनों प्रकरणों की सुनवाई अधिनियम की धारा 7 के तहत गठित श्रम न्यायालय रीवा में की जाएगी.



### धरने में बैठे पार्षद

**गुढ़, सतना, 3 अगस्त.** गुढ़ नगर परिषद मे भ्रष्टाचार को लेकर पार्षदो का अनिश्चत कालीन धरना सावन के प्रथम सोमवार दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ. अपनी मांगों को लेकर पार्षद धरने पर बैठे रहे, लेकिन कोई भी अधिकारी धरना स्थल पर समस्या सुनने नही पहुंचा. बतादें कि इसके पहले तमाम प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन देकर पार्षदों ने भ्रष्टाचार को लेकर शिकायत की, उसके बाद भी कोई कार्यवाही नही हुई. जिसके बाद पार्षद धरने पर बैठ गये.

### कमलेश विश्वकर्मा बने जिला अध्यक्ष

**रीवा,** ओम श्री विश्वकर्मा विकास परिषद भारत, जिला इकाई रीवा एवं भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर समिति, बाबा विश्वकर्मा घाट बड़ी पुल, रीवा की संयुक्त बैठक भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर परिसर में आयोजित की गई. बैठक में आगामी भगवान श्री विश्वकर्मा पूजन महोत्सव की तैयारियों, कार्यक्रम की रूपरेखा तथा समाज के संगठनात्मक विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. बैठक में सर्वसम्मति से कमलेश विश्वकर्मा को ओम विश्वकर्मा विकास परिषद भारत, जिला इकाई रीवा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया. सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में परिषद समाज के हितों की रक्षा, सामाजिक एकता तथा संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का कार्य करेगी. बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश संगठन मंत्री द्वारिका प्रसाद विश्वकर्मा, सहसंचालक सुशील विश्वकर्मा, साधारण सभा के अध्यक्ष राजेंद्र विश्वकर्मा, भगवान विश्वकर्मा मंदिर समिति के अध्यक्ष रामबहोर विश्वकर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम विश्वकर्मा उपस्थित रहे.



### पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**रीवा,** म.प्र पटवारी संघ पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एक बार फिर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है. मांगों का निराकरण शासन स्तर पर न किये जाने के कारण प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जाएगा. अनिश्चित कालीन हड़ताल में रीवा जिले के पटवारी शामिल होगे. एसडीएम को ज्ञापन सौप कर पटवारी संघ रीवा ने धरना स्थल पर पंडाल लाउड स्पीकर लगाने की अनुमति मांगी है. दरअसल प्रमोशन को लेकर पटवारी नाराज चल रहे है. आरोप है कि सरकार ने हर विभाग में प्रमोशन किया लेकिन राजस्व विभाग के पटवारियों को दरकिनार किया गया है.

# ऑनलाइन खरीदी में व्यापारी हुआ ठगी का शिकार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 अगस्त, व्यापार के लिए ऑनलाइन खरीदी के चक्कर में फंसकर एक व्यापारी साइबर फ्राड का शिकार हो गया.**

देश की एक मानी जानी साइड से व्यापारी के द्वारा सामान खरीदने की बात कही जा रही है. काफी समय बीत जाने के बाद जब व्यापारी का सामान नहीं आया तो उसके द्वारा सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है. फरियादी निलेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वह पेसे से व्यापारी है और ढेकहा में अपना व्यापार संचालित करता है.

व्यापारी के द्वारा ट्रेड इंडिया पोर्टल में जाकर श्री बालाजी ट्रेडर्स के नाम से चल रहे साइड में सिक्का ब्रांड का तेल खरीदा गया था तकरीबन 20 हजार का भुगतान करने के बाद वह सामान आने का इंतजार करता रहा लेकिन सामान नहीं आया. कांटेक्ट नंबर पर फोन किया गया तो उसका नंबर ब्लॉक कर दिया गया.

# शिक्षक स्कूल में प्रार्थना के बाद विद्यार्थियों को कॅरियर मार्गदर्शन दें : शीलेन्द्र

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 अगस्त, रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह की पहल पर संभाग में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और विद्यार्थियों को कॅरियर मार्गदर्शन देने के लिए प्रयास शुरू किए गए हैं.**

संभाग के शिक्षकों को एक बड़े कोचिंग संस्थान से ऑनलाइन प्रशिक्षण दिलाकर हर स्कूल में विद्यार्थियों को कॅरियर मार्गर्शन की व्यवस्था की जा रही है. कमिश्नर श्री सिंह ने शासकीय मार्तण्ड




क्रमांक एक उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित समारोह में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने के लिए पुस्तकों का नि:शुल्क वितरण किया. इस अवसर पर कमिश्नर ने कहा कि हम सब भारतीय हैं. अपने देश की प्रगति में योगदान देना हम सबकी जिम्मेदारी है. एक भारतीय के रूप में हर व्यक्ति और हर विद्यार्थी अपनी जिम्मेदारी निभाए. सभी विद्यार्थी अपने जीवन का लक्ष्य तय करके उसे प्राप्त करने के लिए सही रणनीति बनाएं और पूरी प्रतिबद्धता से प्रयास करें. अपने मन से डर को निकालकर आत्मविश्वास को व्यक्तित्व का भाग बनाएं. कार्यक्रम में संयुक्त संचालक शिक्षा नीरव दीक्षित ने संभाग में नीट और जेईई की नि:शुल्क कोचिंग तथा कॅरियर मार्गदर्शन के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी.

# मेडिकल कालेज के छात्रों ने सड़क पर उतर कर स्टाइपेंड की उठाई मांग

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 अगस्त, एक देश एक स्टाइपेंड की मांग को लेकर रीवा में श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय के छात्रों ने सड़को पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया.**

डॉक्टरों की सिर्फ एक ही गूंज है एक देश, एक स्टाइपेंड, प्रदर्शनकारी छात्रों का आरोप है कि मध्य प्रदेश में मेडिकल इंटर्न्स को देश में सबसे न्यूनतम स्टाइपेंड दिया जा रहा है जो दूसरे राज्यों की तुलना में यह राशि




बेहद कम है. दिन-रात मरीजों की सेवा करने वाले इन भावी डॉक्टरों का कहना है कि आर्थिक तंगी के कारण उनका गुजारा करना मुश्किल हो रहा है. छात्रों ने साफ चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने जल्द ही 'वन नेशन, वन स्टाइपेंड' की मांग को मंजूर नहीं किया, तो स्वास्थ्य सेवाएं ठप कर दी जाएंगी. ओपीडी बंद होने से मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है, जिसकी जिम्मेदारी शासन की होगी. विरोध स्वरूप छात्रों ने शहर में रैली निकाली. इसके पहले मंत्री एवं मुख्यमंत्री को भी शिकायत की. लेकिन समस्या का हल नही हुआ, जिसके कारण प्रदर्शन करना पड़ा.

# घूमा में उद्योग लगाने के लिए प्लाट आवंटन का आवेदन 15 तक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 अगस्त, जिले के औद्योगिक विकास के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में औद्योगिक विकास किया जा रहा है.**

त्योंथर तहसील के घूमा कटरा में विकसित किये जा रहे औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों को नई इकाईयों की स्थापना के लिए जमीन के प्लाट आवंटन की कार्यवाही एक अगस्त से 15 अगस्त तक ऑनलाइन की जा रही है. इस संबंध में महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र जेपी तिवारी ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में सूक्ष्म लघु औ मध्यम उद्यम विभाग द्वारा भूखण्ड विकसित किये गये हैं. भूखण्ड आवंटन के लिए एस्प्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट का आमंत्रण उद्यामियों को दिया जा रहा है. भूखण्ड आवंटन के लिए 15 अगस्त को शाम 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है. विस्तृत जानकारी कार्यालय से ले सकते है.

# सावन में बारिश के जगह आसमान से बरस रही आग

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 अगस्त, जिले में बारिश न होने से सूखे जैसी स्थित निर्मित हो गई है, कई दिनों से बारिश नही हुई. हालाकि सोमवार की शाम रिमझिम बूंदाबांदी हुई. दिन भर तेज धूप रही तापमान 32.4 डिग्री रहा.**

इतना ही नही रात का न्यूनतम तापमान भी 26 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है. किसान धान की रोपाई को लेकर परेशान है और जिन किसानों ने धान की रोपाई कर दी है वह अब अपनी फसल को लेकर चिंतित है. दरअसल इस बार बहुत कम बारिश हुई है पहले समय पर मानसून नही आया और उसके बाद बारिश बंद हो गई. आषाढ़ का महीना बीत गया और अब सावन का महीना भी बीत रहा है, लेकिन झमाझम बारिश नही हो रही है. तेज धूप के चलते जमीन की नमी भी धीरे-धीरे खिसक रही है. अभी नवम्बर और सितम्बर का महीना बारिश का बचा है. अगर इन दो माह में बारिश हुई तो राहत है नही तो सूखे के हालात बन जाएगे.

# एसजीएमएच सहित तीनों अस्पताल के आउटसोर्स हड़ताल पर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 अगस्त, विंध्य के सबसे बड़े श्याम श्याम मेडिकल कॉलेज के अधीनस्थ संजय गांधी सुपर स्पेशलिटी और गांधी मेमोरियल अस्पताल के आउटसोर्स कर्मचारी ने आज सुबह से हड़ताल कर दिया है.**

कर्मचारियों ने इजाईल कंपनी और हाइट्स कंपनी के विरोध में जमकर नारेबाजी की आउटसोर्स कर्मचारी का आरोप है कि उन्हें बीते दो माह का वेतन नहीं दिया गया है जबकि छुट्टी




और एरियर्स का भुगतान भी बाकी है. कर्मचारियों की मांग है कि आज उनके सभी भुगतान कर दिए जाएं नहीं तो वह कल से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर देंगे. आउटसोर्स कर्मचारी ने बताया कि इजाइल कंपनी और हाईड्स कंपनी के कुछ अधिकारियों की लापरवाही के चलते उन्हें वेतन मिलने में दिक्कतें आती है. उन्होंने बताया कि इस पूरी अवस्था के जिम्मेदार दोनों कंपनियों के यही अधिकारी है आउटसोर्स कर्मचारी का कहना है कि उन्हें लगातार वेतन भुगतान छुट्टी भुगतान और एरियर्स भुगतान में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. बीते दो माह से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है जबकि यह उनके कार्य दिवस का तीसरा माह चालू है कर्मचारियों ने कहा कि आज शाम तक वह सभी भुगतानों का इंतजार करेंगे वरना कल से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर देंगे.

# अवैध कालोनियों के खिलाफ सख्ती से की जाएगी कार्यवाही : जैन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 अगस्त, निगम आयुक्त अक्षत जैन ने सोमवार को नगर निगम सभागार में टीएल समीक्षा बैठक आयोजित कर शहरवासियों से जुड़े विभिन्न जनहितकारी विषयों की विस्तृत समीक्षा की.**

बैठक में वर्षाकाल के दौरान नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने, जलभराव की समस्या, दुर्घटना संभावित



खुली नालियों पर कवर लगाने, सड़कों के पैचवर्क एवं त्वरित मरम्मत, फायर सेफ्टी, ई-ऑफिस व्यवस्था तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए. बैठक के दौरान निगम आयुक्त ने वर्षा ऋतु के दृष्टिगत शहर की सड़कों का निरीक्षण कर चिन्हित किए गए पैचवर्क कार्यों की समीक्षा की. उन्होंने निर्देश दिए कि पैचवर्क एवं आवश्यक सड़कों की मरम्मत का कार्य निरंतर जारी रखा जाए. कार्यों में तेजी लाई जाए तथा जहां भी समस्या हो, वहां तत्काल सक्रियता से कार्य कर शहरवासियों को राहत प्रदान की जाए. इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रमुख अतिक्रमण प्रभावित स्थलों की विशेष मॉनिटरिंग करते हुए निरंतर अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए. कॉलोनी सेल विभाग को सक्रियता से कार्य करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि कॉलोनी विकास से संबंधित सभी कार्यवाहियां नियमानुसार संपादित की जाएं तथा अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. बैठक में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एमएस सिद्दीकी, कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह राजेश सिंह, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, सहायक यंत्री राजेश मिश्रा मौजूद रहे.